अंतर्गत पात्र होने वाले सभी बीड़ी श्रमिकों को योजना के अन्तर्गत लाने के लिए आवश्यक कार्रवाई कर रहा है।

(ग) और (घ) बीड़ी उद्योग के नियोक्ता अपने भविष्य निधि संबंधी अंशदान को निधि में जमा करते हैं। तथापि इस संबंध में किसी तरह की चूक का पता लगने पर कर्मचारी भविष्य निधि संगठन द्वारा आवश्यक कानूनी एवं दांडिक कारवाई की जाती है।

बीड़ी कर्मकार कल्याण संगठन पर हुआ व्यय

1863. **मौलाना अबैदुल्ला खान आजमी** : क्या श्रम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि बीड़ी कर्मकार कल्याण संगठन की स्थापना और रख-रखाव पर अधिक व्यय नहीं किया जा रहा है और कल्याण कोष की लगभग सारी धनराशि बीड़ी कर्मकारों के कल्याण पर खर्च की जा रही है ;

(ख) क्या यह भी सच है कि कल्याण कार्यक्रमों के लिये धनराशि के आवंटन में कोई दलाल बीच में नहीं है ;

(ग) क्या यह भी सच है कि सारा धन लाभ बीड़ी कर्मकारों तक पहुंच रहा है और इसे बीच वाले नहीं खा रहे हैं; और

(घ) कल्याण निधि में जमा कराई जा रही धनराशि और विभिन्न मदों पर खर्च की जा रही धनराशि का ब्यौरा क्या है ?

श्रम मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री पो. ए. संगमा) : (क) बीड़ी श्रमिक कल्याण निधि के अन्तर्गत कुल व्यय का लगभग 7% ही संगठन की स्थापना और प्रशासन पर व्यय किया जा रहा है तथा शेष धनराशि की बीड़ी कर्मकारों के लिये कल्याण योजनाओं पर व्यय किया जा रहा है ?

(ख) जी, हां।

(ग) जी, हां।

(घ) वर्ष 1992-93 तथा 1993-94 के लिये उपकर संबंधी ब्यौरे दर्शाने वाला विवरण संलग्न है।

विवरण

1992-93/1993-94 के दौरान भिन्न-भिन्न शीर्षों के अंतर्गत किये गये व्यय को दर्शाने वाला विवरण

(रुपये हजारों में)

2230 – श्रम कल्याण बीड़ी श्रमिक कल्याण निधि	व्यय 1992-93	व्यय 1993-94 (अनंतिम)
1 2	3	4
उप-शीर्ष :		
1. प्रशासन	9668	9956
2. स्वास्थ्य	68154	81660
3. शिक्षा	17907	38998
4. मनोरंजन	767	729
5. आयात	163	598
	9,66,59	131941

1	2	3	4
3601–	बीड़ी कर्मकारों के आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिये राज्य सरकार को आवास योजना हेतु सहायता अनुदान	2,18,3[illegible]	19438
4250–	बीड़ी कर्मकारों के लिये सहकारिता गोदामों तथा वर्क शैडों के निर्माण पर पूंजीगत परिव्यय	135	3000
6250–	अपना मकान स्वयं बनाओ योजना के लिये ऋण	2923	4222
	कुल योग :	12,15,48	15,86,01

बीड़ी उद्योग से कल्याण उपकर के रूप में एकत्र की गयी राज्यवार धनराशि दर्शाने वाला विवरण

(रु० हजारों में)

राज्य का नाम	वर्ष 1992–93	वर्ष 1993–94
आंध्र प्रदेश	21348	20799
बिहार	6357	7362
गुजरात	146	168
कर्नाटक	17596	15810
केरल	4792	4429
असम	—	—
मध्य प्रदेश	16369	17981
महाराष्ट्र	9434	9238
उड़ीसा	1487	1704
राजस्थान	1117	1172
तमिलनाडु	17747	17917
उत्तर प्रदेश	7606	6513
पश्चिम बंगाल	16369	18307
योग :	120360	121500

बीड़ी कर्मकारों के लिये चिकित्सा सुविधाएं

1864. मौलाना ओबैदुल्ला खान आजमी : क्या श्रम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) बीड़ी कर्मकारों को उपलब्ध कराई गई स्वास्थ्य और चिकित्सा सुविधाओं का ब्यौरा क्या है ;

(ख) ऐसे प्रत्येक चिकित्सा केन्द्र अथवा एकक को प्रतिमाह उपलब्ध कराई जा रही धनराशि, दवाइयों और